# Rovers/Rangers Unit

## 3.4.3






# रोवर्स रेंजर्स बनें राष्ट्र निर्माण में सहायक : सितारा

## बिलासपुर डिग्री कॉलेज में अन्तर्महाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम के दूसरे दिन किया विभिन्न गतिविधियों का संचालन

अमर भारती संवाददाता

**बिलासपुरः** क्षेत्र के कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्महाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम में दूसरे दिन भी विभिन्न गतिविधियां तथा प्रतियोगिताएं हुई। मुख्य अतिथि ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कई जिलों के महाविद्यालयों से जुड़े रोवर्स रेंजर्स स्थानीय डिग्री कॉलेज परिसर में रविवार सवेरे दूसरे दिन फिर जुटे। यहां कॉलेज के प्राचार्य प्रो.आरपी यादव ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यं म की शुरूआत की। रोवर्स रेंजर्स ने विभिन्न गतिविधियां संचालित करते हुए प्रशिक्षकों ने नई बातें सीखीं। आपस में अनुभव व कार्य साझा किए तथा प्रतियोगिताओं में भी भाग लिए। गांठ, टेंट, भोजन, पोस्टर, झांकी, कैंप फायर, नाटक आदि से संबंधित प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागियों का काफी उत्साह रहा। बाद में सभागार में आयोजित कार्यं मों में भी प्रतिभागी युवाओं ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यहां उन्हें सम्बोधित करते हुए आज की मुख्य अतिथि बनाई गई सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सितारा देवी ने रोवर्स रेंजर्स को जीवन में अनुशासन का महत्व बताया तथा राष्ट्र निर्माण में सहायक बनने का आग्रह किया। अंत में डॉ.अवतार दीक्षित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संयोजक डॉ. अब्दुल लतीफ ने बताया कि समागम में रात दस बजे तक विभिन्न कार्यं म व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बाहर से आए निर्णायकों कंचन कनौजिया, अभिषेक पांडेय, सचिन सक्सेना, सचिन पटेल, मंजू चौधरी, डॉ. महेश बाबू व डॉ. दरख्शा अजहर को विजेताओं के चयन की जिम्मेदारी दी गई है। व्यवस्थाओं में डॉ. आईबी महापात्रा, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. एनबी लाल, डॉ. डीके सिंह, डॉ. शिवओम शर्मा, शैफाली, गिरीश बाबू आदि शामिल रहे।



शिविर में निर्माण दिखाते प्रतिभागी। अमर भारती




रोवर्स रेंजर्स समागम में अभिनय करती छात्रा। अमर भारती




# रोवर्स रेंजर्स समागम में छात्र छात्राओं का विभिन्न प्रतियोगिताओं में हुआ चयन



**अ.हि. ब्यूरो, रामपुर।** अन्तरमहाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम 2021 के द्वितीय दिन का आगाज़ स्काउड गाइड के प्रात: वंदना से हुआ। ततपश्चात ध्वजारोहण कर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 डॉ आर पी यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रो0 आरपी यादव ने कहा कि स्काउड गाइड का उद्देश्य सेवा भाव है बाढ़ भूकंप आगजनी व प्राकृतिक आपदा में लोगो की मद्दत के लिए स्काउड गाइड हमेशा तैयार रहते है। धर्म से हटकर पीड़ितों की मद्दत करना रोवर्स रेंजर्स का प्रमुख उद्देश्य है। निर्णायकगण कंचन कनोजिया व मंजू चौधरी ने कहा कि तीन दिवसीय अन्तरमहाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम में

छात्र छात्राओं को गाँठबन्धन रेंट निर्माण वी0पी0 सिक्स प्रतियोगिता ध्वज शिष्टाचार गांठ तथा बंधन प्रतियोगिता फायर फाइटिंग प्राथमिक चिकित्सा भोजन व्यवस्था पोस्टर प्रतियोगिता झांकी प्रतियोगिता एवं कैम्प फायर नाटक प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट रोवर्स रेंजर्स का चयन किया गया। निर्णायक अभिषेक सचिन सक्सेना व सचिन पटेल ने प्रतियोगिताएं आयोजित कराई।

मुख्यथिति सितारा त्यागी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मुरादाबाद मण्डल ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स अनुशासित होते है अनुशासन का पाठ विद्यार्थियों से हम सीखते है । कार्यक्रम का संचालन डॉ अवतार दीक्षित ने किया धन्यवाद संयोजक डॉ अब्दुल लतीफ ने किया इस अवसर रोवर्स लीडर्स डॉ महेश बाबू एवं रेंजर्स रीडर्स डॉ दरख्शा अज़हर सहित बिलासपुर महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित था।





Govt. Post Graduate College, Bilaspur, Rampur (U.P.)
(Accreditated By NACC and ISO Certified )
Welcomes You to
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) उ0 प्र0




Govt. Post Graduate College, Bilaspur, Rampur (U.P.)
(Accreditated By NACC and ISO Certified )
Welcomes You to













# तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स समागम-2021 का हुआ समापन

## सिर्फ भाषण देने से समाज नहीं बदल सकता: अभय गुप्ता



**अ.हि. ब्यूरो, रामपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में चल रहे तीन दिवसीय 24 वे अन्तरमहाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम 2021 का हुआ समापन। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रवज्जलित कर हुआ।

कार्यक्रम के मुख्यथिति भाजपा जिलाध्यक्ष अभय कुमार गुप्ता का कालेज प्राचार्य प्रो0 डॉ आरपी यादव ने बुके भेट कर स्वागत किया साथ ही स्कार्फ व कैप पहनाकर सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि सिर्फ भाषण देने से समाज नही बदल सकता भाषण को हकीकत में बदलने से ही उसकी सार्थकता सिद्ध होती है हमारे जीवन के साथ ही समाज और देश का भी कल्याण होता है उन्होंने रोवर्स रेंजर्स की सामाजिक उपयोगिता बताते हुए उनके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्राचार्य यादव ने स्वागत सम्बोधन में कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले अर्न्तमहाविद्यालयी के कार्यक्रम में विभिन्न कालेजो की रोवर्स रेंजर्स टीमो ने भाग लिया कहा मार्च पास्ट से लेकर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में रोवर्स रेंजर्स का कड़ा मुकाबला हुआ। सितारा त्यागी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मुरादाबाद मण्डल ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स अनुशासित होते है अनुशासन का पाठ विद्यार्थियों से हम सीखते है । कार्यक्रम का संचालन डॉ अवतार दीक्षित ने किया धन्यवाद संयोजक डॉ अब्दुल लतीफ ने किया अंत मे मुख्यथिति ने विजयी रोवर्स रेंजर्स को ट्राफी देकर सम्मानित किया साथ ही महाविद्यालयों के रेंजर्स रोवर लीडर को भी सम्मानित किया। इस अवसर रोवर्स लीडर्स डॉ महेश बाबू एवं रेंजर्स रीडर्स डॉ दरख्शा अज़हर सहित बिलासपुर महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित था।

# पुलिस अधीक्षक ने चैक की शराब की दुकानें

**अ.हि. ब्यूरो, रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आने वाले होली पर्व को देखते हुए नगर क्षेत्र में की गयी मदिरा की दुकानों की चैकिंग। आज पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम द्वारा नगर क्षेत्र में भ्रमण किया गया तथा आगापुर तिराहे पर स्थित मदिरा की दुकान को चैक किया गया, चैकिंग के दौरान मदिरा की दुकानों पर उपलब्ध स्टाक, मदिरा में किसी प्रकार की मिलावट अथवा अवैध मदिरा के संबंध में जॉच की गयी। इसके अतिरिक्त आगापुर रोड पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघंन चैकिंग की गयी। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, के आदेशानुसार समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पडने वाली मदिरा की दुकानों पर संघन चैकिंग की गयी।

# रोवर्स रेंजर्स समागम में छात्र छात्राओं का विभिन्न प्रतियोगिताओं में हुआ चयन



**अ.हि. ब्यूरो, रामपुर।** अन्तरमहाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम 2021 के द्वित्तीय दिन का आगाज़ स्काउड गाइड के प्रात: वंदना से हुआ। ततपश्चात ध्वजारोहण कर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 डॉ आर पी यादव ने दीप प्रवज्जलित कर किया।

प्रो0 आरपी यादव ने कहा कि स्काउड गाइड का उद्देश्य सेवा भाव है बाढ़ भूकंप आगजनी व प्राकृतिक आपदा में लोगो की मद्दत के लिए स्काउड गाइड हमेशा तैयार रहते है। धर्म से हटकर पीड़ितों की मद्दत करना रोवर्स रेंजर्स का प्रमुख उद्देश्य है। निर्णायकगण कंचन कनोजिया व मंजू चौधरी ने कहा कि तीन दिवसीय अन्तरमहाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम में

छात्र छात्राओं को गाँठबन्धन रेंट निर्माण वी0पी0 सिक्स प्रतियोगिता ध्वज शिष्टाचार गांठ तथा बंधन प्रतियोगिता फायर फाइटिंग प्राथमिक चिकित्सा भोजन व्यवस्था पोस्टर प्रतियोगिता झांकी प्रतियोगिता एवं कैम्प फायर नाटक प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट रोवर्स रेंजर्स का चयन किया गया। निर्णायक अभिषेक सचिन सक्सेना व सचिन पटेल ने प्रतियोगिताएं आयोजित कराई।

मुख्यथिति सितारा त्यागी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मुरादाबाद मण्डल ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स अनुशासित होते है अनुशासन का पाठ विद्यार्थियों से हम सीखते है । कार्यक्रम का संचालन डॉ अवतार दीक्षित ने किया धन्यवाद संयोजक डॉ अब्दुल लतीफ ने किया इस अवसर रोवर्स लीडर्स डॉ महेश बाबू एवं रेंजर्स रीडर्स डॉ दरख्शा अज़हर सहित बिलासपुर महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित था।

## रोवर्स–रेंजर्स शिविर



दिनांक 2–6 दिसम्बर 2019 को महाविद्यालय में रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव जी ने दीप प्रज्जवलित करके किया। पाँच दिन तक चलने वाले शिविर में शिविरार्थियों को जिला संगठन आयुक्त नरवंत कौर एवं जिला प्रशिक्षक प्रेमपाल सिंह ने प्राकृतिक चिकित्सा, गाँठे बन्धन, पुल निर्माण, स्ट्रेचर बनाना, बिना बर्तन के भोजन बनाना एवं टेन्ट बनाना सिखाया। शिविर में पोस्टर, चार्ट, निबन्ध, वेस्ट मैटिरियल से इतिहासिक इमारत बनाना एवं स्लोगन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के समापन अवसर पर सभी विजयी छात्र–छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोवर लीडर डॉ० अवतार दीक्षित ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित रेंजर्स प्रभारी डॉ० निशा वर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# Yoga Day

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर

जनपद–रामपुर (उ0प्र0)

दिनांक: 17.06.2021

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2021 के उपलक्ष में पांच दिवसीय ऑनलाइन योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

विषय: योग प्रशिक्षण कार्यक्रम। करें योग रहे निरोग।

जनपद रामपुर के सभी सम्मानित कार्यक्रम अधिकारी साथी वह प्रिय स्वयंसेवकः स्वयं सेविकाओं कोरोनावायरस के संक्रमण से सुरक्षा हेतु आप सभी की रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से यह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह के संरक्षण व कार्यक्रम समन्वयक डा सोमपाल सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है आप सभी से निवेदन है कि 17 जून 2021 से 21 जून 2021 तक प्रतिदिन प्रातः 5:45 से सायं 6:45 बजे तक इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करें।

निवेदक : डॉ शिवओम शर्मा
जिला नोडल अधिकारी ,राष्ट्रीय सेवा योजना ,जिला रामपुर

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)

**Govt. P. G. College, Bilaspur, Rampur (U.P.)**

स्वस्थ समाज स्वस्थ भारत

**[Internal Quality Assurance Cell]**

Prof. (Dr.) R. P. Yadav
(Principal)

प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव की अध्यक्षता में IQAC के तत्वावधान में दिनांक 21 जून 2020 को International Yoga Day का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी ने विभिन्न आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग की आवश्यकता कोविड–19 के समय में कितनी ज्यादा है, सेहत के ऊपर उस पर भी चर्चा की गयी।


कार्यक्रम का आयोजन असि0 प्रो0 शारीरिक शिक्षा डॉ0 नीलिमा सिंह द्वारा किया गया।


















उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के

धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महिला जागरुकता हेतु गोष्ठी का आयोजन

दिनांक 14.07.2019 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बिलासपुर पुलिस प्रशासन द्वारा छात्राओं की सुरक्षा हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक एंटी रोमियों स्कावॉड बिलासपुर जनपद रामपुर श्रीमती रजनी द्विवेदी ने छात्राओं को वूमन पावर महिला हेल्पलाईन–1090, आशा ज्योति महिला–181, आपातकालीन पुलिस सहायता–100, एवं चाइल्ड केयर हेल्पलाईन–1098 के विषय में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या दूसरी समस्या हो तुरन्त पुलिस प्रशासन को दूरभाष पर सूचना दें। पुलिस प्रशासन 24 घण्टे आपकी सेवा में तत्पर है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।



## मिशन शक्ति कार्यक्रम (दिनांक 17 से 25 अक्टूबर 2020)




अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पंत्राक संख्या 5120/सत्तर–3–2020;08(51)/2020 दिनांक 15 अक्टूबर 2020 के अनुपालन में महाविद्यालय द्वारा महिलाओं और बलिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। दिनांक 17 – 25 अक्टूबर 2020 तक महाविद्यालय द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता, सम्मान एवं आत्म–सुरक्षा तथा पोक्सो एक्ट एवं महिला अपराध सम्बन्धी कानूनी का वृहद प्रचार–प्रसार के लिये महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शारदीय नवरात्र एवं बासन्तिक नवरात्र के मध्य निरंतर जारी रखने के लिये महाविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी में उच्च शिक्षा क्षेत्र के विद्वान वक्ताओं को आमंत्रित किया गया। इस मिशन शक्ति कार्यक्रम की सह नोडल अधिकारी महाविद्यालय की असिस्टेन्ट प्रो० (डॉ०) नीलिमा सिंह रहीं। दिनांक 17–10–2020 को महिला सुरक्षा एवं सम्मान हेतु अनावरण अभियान **'मिशन शक्ति 'महिलाओं की सुरक्षा के' 'विभिन्न कानूनी प्रावधान'** विषय पर वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना द्वारा किया गया। इसके बाद आयोजन सचिव डॉ० अवतार दीक्षित ने कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संरक्षक प्रो० (डॉ०) आर.पी.यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में एक वीडियो के माध्यम से बताया कि सभी को अपने अपने बच्चों को अवेयर करना चाहिए ताकि वो कभी किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त न रहे। तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सम्मिलित श्री राजेश सैनी अधिवक्ता बिलासपुर द्वारा समाज में महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के उत्पीड़नों को विस्तार से बताया गया तथा इन उत्पीड़नों केखिलाफ महिलाओं को प्राप्त विशेष अधिकारों, कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। दूसरे मुख्य वक्ता के तौर पर सम्मिलित श्री नरेन्द्र त्यागी इंस्पेक्टर रामपुर ने बताया कि किस प्रकार महिलाएं एवं लड़कियां समाज में हो रहे अत्याचार एवं उत्पीड़न के समय किस प्रकार पुलिस द्वारा सहायता ली जा सकती है तथा महिला हैल्प लाइन नंबर 1091 की जानकारी दी गई। इसके बाद कार्यक्रम की समन्यवक डॉ० नीलिमा सिंह ने सभी को शपथ दिलाई तथा महिला सशक्तीकरण के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात कार्यक्रम कि आयोजन सचिव डॉ० निशा वर्मा ने भी महिलाओं की












सुरक्षा के कानूनी प्रावधान विषय पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डा.पी के गर्ग, प्रो आई बी महापात्र , डॉ० अब्दुल लतीफ, डॉ० हेमत कुमार, डॉ० नीत बिहारी लाल, डॉ० वंदना राठौर, प्रो० दिव्यांशु कुमार सिंह, श्री पी. एस. आनंद, अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ० शिव ओम शर्मा द्वारा किया गया।





दिनांक 22 अक्टूबर 2020, को महिला सुरक्षा एवं सम्मान हेतु अनवरत अभियान "'मिशन शक्ति'" के अंतर्गत "'**महिला सुरक्षा एवं महिला सम्मान हेतु सरकारी योजनाएं**' विषय पर एक राष्ट्रीय वेब– संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ सरस्वती वंदना के द्वारा किया गया । तदुपरांत संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ० हेमन्त कुमार ने संगोष्ठी के विषय से परिचय कराते हुए कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने महिलाओं के उत्थान हेतु अनेक योजनाएं एवं कानून बनाये है जिन्हें आज महिलाओं को जानने की आवयश्कता है। इसी क्रम में महाविद्यालय के 'प्राचार्य प्रो (डॉ०) आर. पी. यादव' ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । उन्होंने कहा कि महिलाओ और बेटियो को अपनी सुरक्षा, सम्मान और स्वालबन के प्रति जागरूक कराने के लिये एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। आज आवश्यकता है कि बदलते दौर में नई पीढ़ी को अपनी सनातन संस्कृति की परंपरा का वाहक बनाये। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कोलकत्ता कॉलिज की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री मोमिता विश्वास ने कहा कि जो समाज महिलाओ को सम्मान नही देगा,वह समाज आगे नही बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि बच्चे की प्रथम पाठशाला उसकी माँ होती है। आज महिलाओं को अपने अंदर की शक्ति को पहचानने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ महिलाओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिग देने की भी जरूरत है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अत्याचार पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति अत्याचार को केवल सरकार नही रोक सकती ,इसके लिये जनसहभागिता की आवश्यकता है। भारतीय संविधान में महिलाओं की बेहतरी के लिये जो प्रावधान है,उन्होंने उस पर विस्तार से प्रकाश डाला। दूसरे वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ०डॉली, ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के विभिन्न कानूनी सुझाव एवं उपाय बताये और कहा कि एक महिला होने [illegible] नाते आपको यह पता होना चाहिए कि आपको भी कानूनी मदद लेने का अ[illegible] है और आप इसकी मांग कर सकती है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है [illegible] आपको मुफ्त में कानूनी सहायता मुहैया करवाए। उन्होंने डॉ० आंबेडकर [illegible] को याद करते हुए कहा कि यदि हम किसी समाज की उन्नति देखना हो तो ,हम उस समाज की महिलाओं को देखना होगा।उन्होंने सं[illegible] उल्लेखित न्याय,समता, समानता और स्वन्त्रता को विस्तार से बताया।उन्होंने कहा कि तमाम कानून और संविधान में महिलाओ की बे[illegible] लिये प्रावधान है ,लेकिन महिलाओं को इन कानूनों का दुरुपयोग नही करना चाहिये। संगोष्ठी के संयोजक डॉ० अब्दुल लतीफ ने कहा कि [illegible] महिलाओं को अपनी सुरक्षा हेतु शासन द्वारा समय समय पर जारी हेल्पलाइन नंबरो को फास्ट डायल मोड मे रखना चाहिए । कार्यक्रम का सं[illegible] संगोष्ठी के संयोजक डॉ० अब्दुल लतीफ ने कियाऔर अंत मे सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । संगोष्ठी में डॉ० पी. के. गर्ग ,डॉ० आई बी म[illegible] डॉ० नीलिमा सिंह, डॉ० निशा वर्मा, डॉ० नीत बिहारी लाल, डॉ० अवतार दीक्षित,डॉ० वंदना राठौर और तकनीकी सहायक आयोजन सचिव श्री दिव्यांशु कुमार सिंह श्री पी एस आनंद, ऑफिस स्टाफ, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।










दैनिक

अवाम-ए-हिन्द


बिलासपुर डिग्री कालेज में वेब संगोष्ठी का आयोजन



ने किया और धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम की संयोजिका डॉ० नीलिमा सिंह ने किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 8 मार्च 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०)आर० पी० यादव जी द्वारा महिला प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।



# Swach Bharat Abhiyan













# श्रेष्ठ शिविरार्थी चुने गए राजीव कुमार व हरप्रीत






एनएसएस शिविर के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि को बैज लगाते कार्यक्रम अधिकारी व श्रमदान करतीं छात्राएं अमर भारती

**अमर भारती संवाददाता**

**बिलासपुरः** क्षेत्र के पंजाबनगर गांव के प्राथमिक विद्यालय में चल रहे डिग्री कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रविवार को समापन हो गया। इसमें राजीव व हरप्रीत को श्रेष्ठ शिविरार्थी चुना गया। आखिरी दिन सबने अपने शिविर के अनुभवों को भी साझा किया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर रविवार को सातवें दिन सम्पन्न हुआ। इसमें हुए समापन कार्य' म में छात्र वर्ग में राजीव कुमार व छात्रा वर्ग में हरप्रीत कौर को श्रेष्ठ शिविरार्थी चुना गया। कार्य' म के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रो.आरपी यादव ने सभी शिविरार्थियों से कहा कि वह शिविर के अनुभवों से आम जीवन को भी लाभान्वित करें तथा सेवा की भावना बनाए रखें। इस दौरान शिविर में मौजूद प्राध्यापकों से लेकर छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझा किया। इससे पूर्व सवेरे साफ-सफाई व वंदना से शिविर का प्रारम्भ किया गया। इसके बाद रंगोलियां बनाई गईं और श्रमदान भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने शिविर में विविध रोचक व सांस्कृतिक कार्य' म प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को उजागर किया। आयोजित विचार गोष्ठी में डॉ.नीत बिहारी लाल, प्रो.इंदुभूषण महापात्रा, डॉ.नीलिमा सिंह, डॉ.अब्दुल लतीफ, डॉ.अवतार दीक्षित आदि ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। एनएसएस की छात्रा वर्ग की कार्य' म अधिकारी डॉ.वंदना राठौर ने शिविर रिपोर्ट प्रस्तुत की जबकि छात्र वर्ग के कार्य' म अधिकारी डॉ.शिवओम शर्मा ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य प्राध्यापक, छात्र- छात्राएं तथा ग्रामीण भी उपस्थित रहे।





# ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। गोष्ठी में छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई।

एनएसएस के बैनर तले तमाम छात्र-छात्राएं सोमवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवओम शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय में एकत्र हुए। प्राचार्य डॉ. आर पी सिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली कुआंखेड़ा गांव में घूमी। इसमें शामिल सभी विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक किया।

गांव में श्रमदान कर सफाई की। इस दौरान डॉ. नीत बिहारी लाल, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. आईबी माहापात्रा, डॉ. अब्दुल लतीफ आदि उपस्थित रहे। संवाद



राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस कैंप में भाग लेते छात्र-छात्राएं। संवाद

## छात्राओं ने रैली निकालकर स्वच्छत

शाहबाद। सात दिवसीय एनएसएस का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया। छात्राओं ने रैली में स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया।

सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के शिविर का

मंगोली में राजकीय द्वारा राष्ट्रीय सेवा य में साफ-सफाई निकालकर लोगों व राष्ट्रीय सेवा योज

इसमें ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया गया। रैली कॉलेज में पहुंचने पर कॉलेज प्रबंध समिति सदस्य जसपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। गोष्ठी में प्राचार्य एसपी शर्मा और प्रबंधक योगेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने और लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया। इस दौरान दिनेश, रिजवान अली, प्रमोद कुमार, नवल किशोर, मुनेश चौहान आदि उपस्थित रहे।



बिलासपुर में राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस कैंप में भाग लेते विद्यार्थी। संवाद

शिविर यातायात माह के रूप में लगाया गया। जहां छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने यातायात के नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाई। रैली का उद्घाटन प्रबंध समिति के सुरेश सिंह चौहान ने किया। रैली ग्राम सरकथल व महमदपुर में निकाली गई।

इस अवसर पर प्रबंध समिति के सुरेश सिंह चौहान, मदन पाल सिंह चौहान, गोपाल सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विष्णुदत्त, प्रदीप कुमार, साजिद अली अंसारी, राशिद हुसैन, नेमपाल सिंह, हर्षिता शुक्ला, चीनू, एसबी यादव, जसपिंदर, योगेश चौहान आदि थे।

# Medical Camp







# Voter Awareness










## डिग्री कॉलेज के छात्रों ने किया मतदाता सर्वेक्षण

अमर भारती संवाददाता

**राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन भी विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित**

**बिलासपुरः** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन पंजाबनगर गांव में डिग्री कॉलेज के छात्रों द्वारा मतदाता सर्वेक्षण किया गया। शिविर में विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा क्षेत्र के पंजाबनगर गांव में चल रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को सवेरे साफ सफाई व वंदना सत्र के पश्चात छात्र छात्राओं की तीन टोलियां बनाई गईं। एक टोली ने रंगोलियां सजाईं, दूसरी ने श्रमदान किया, जबकि तीसरी टोली ने गांव में मतदाता सर्वेक्षण करते हुए आंकड़ें एकत्र किए और ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया। दोपहर में शिविर स्थल पर आए एसबीआई एडीबी के ब्रांच मैनेजर दीनदयाल ने शिविरार्थियों को बैंकिंग व उपभोक्ताओं के लाभ बताए। कई पुरस्कार प्राप्त क्षेत्र के वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षक उमेश राठौर ने लोकतंत्र में वोट की कीमत विषय पर अपने विचार रखे। कॉलेज के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. अवतार दीक्षित ने मतदान दिवस को राष्ट्रीय पर्व बताया। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. नीत बिहारी लाल ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान ही सही रिजल्ट हो सकता है। शिविर का निर्देशन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवओम शर्मा व डॉ. वंदना राठौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. निशा वर्मा, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. आईबी महापात्रा, डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. नीलिमा सिंह, कोमल वैश्य, निकिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

पंजाबनगर गांव में मतदाता सर्वेक्षण करते डिग्री कॉलेज के छात्र। अमर भारती

# Road Safety Week

















# Aids Awareness



# Self Defence Martial Art
















मिशन शक्ति | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुरक्षा के लिए बेटियों को किया जा रहा जागरूक

## बचकर रहना, छात्राएं जानती हैं मॉर्शल आर्ट

अमर भारती संवाददाता

बिलासपुरः क्षेत्र के कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत चल रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में शनिवार को छात्राओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी गई।

कॉलेज परिसर में आयोजित इस ट्रेनिंग के माध्यम से छात्राओं को सिखाया गया कि कैसे वह डर से स्वयं को मुक्त करें और विपरीत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करें। मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ.नीलिमा सिंह ने कहा कि मार्शल आर्ट के सामान्य तरीकों से भी बड़ी से बड़ी मुसीबत तथा अनचाहे हमलों से बचा जा सकता है। छात्राएं इसका नियमित अभ्यास करें। कॉलेज मे छात्राओं के लिए परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया। इसमें मिशन की सह नोडल अधिकारी डॉ.निशा वर्मा ने छात्राओं के साथ काउंसलिंग की। इसमें नेहा भारद्वाज, लक्ष्मी, सरप्रीत कौर, नीतू, साइबीन जहां आदि शामिल रहीं। इससे पूर्व कॉलेज में एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें छोटी बच्चियों के साथ समाज में घटित होने वाले अपराधों तथा उनकी रोकथाम के उपायों पर विचार मंथन किया गया। इसमें प्राचार्य प्रो.आरपी यादव ने कहा कि जागरूक छात्राएं अपने सभ्य समाज व परिवार की सहायता से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। गोष्ठी में प्रो.इंदु भूषण महापात्रा, डॉ.अवतार दीक्षित, डॉ.अब्दुल लतीफ, डॉ.शिवओम शर्मा, डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. हेमंत कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किए। बड़ी संख्या में छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

बिलासपुर डिग्री कॉलेज में मार्शल आर्ट सीखती छात्राएं। अमर भारती













आयोजन | मिशन शक्ति के तहत तहसील सभागार व डिग्री कॉलेज कैम्पस में कार्यक्रम रहे जारी

## खुद को कभी कमजोर न समझे नारी : सीडीपीओ

अमर भारती संवाददाता

बिलासपुरः शासन के मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को भी स्थानीय तहसील सभागार तथा डिग्री कॉलेज में नारी जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शासन के मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया। एसडीएम ने कहा कि जागरूक नारियां नई पीढ़ी को नए मूल्य प्रदान करेंगी। सीडीपीओ मुदिता तिवारी ने कहा कि स्त्रियां कभी भी स्वयं को कमजोर न समझें, यही सोच उनके आत्म विकास का आधार बनेगी।

कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, सोमपाल सिंह, रामौतार रस्तोगी, वीआरसी रोहित सक्सेना आदि ने भी जानकारियां दीं। इस दौरान एसडीएम ने आज भी कुछ महिलाओं को विरासतन खतौनियां तथा पट्टे के अभिलेख वितरित किए।

संचालन बृजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर महिला लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं, कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति की सह नोडल अधिकारी डॉ. निशा वर्मा ने परामर्श सत्र का आयोजन किया। इसमें नेहा भारद्वाज, लक्ष्मी, सरप्रीत कौर, नीतू कुमारी, साइबीन जहां समेत काफी छात्राएं मौजूद रही। छात्राओं को कठिन परिस्थितियों में बचाव के उपाय बताते हुए मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी गई।

इससे पूर्व बालिका शिक्षा विषय पर आधारित एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आईबी महापात्र ने बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार रखे। अन्य प्राध्यापकों में डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. अब्दुल लतीफ, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. डीके सिंह आदि सम्मिलित रहे।

बिलासपुर तहसील सभागार तथा डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्य मों के दृश्य। अमर भारती